# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 23 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 4 नवम्बर 2025 से 10 नवम्बर 2025 तक


## नेहरू नगर में गलत नपती को लेकर भड़के रहवासी, महापौर से मिले तो बोल-गलत माप से तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे



इंदौर। शहर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर शुरू हुई नगर निगम की कार्रवाई ने नेहरू नगर इलाके में बवाल खड़ा कर दिया है। दो दिन पहले निगम की टीम ने लक्ष्मी मेमोरियल से अटल द्वार तक बनने वाली नई सड़क के लिए मकानों और दुकानों की नपती करते हुए कई जगह निशान लगाए थे। इन निशानों को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। रहवासियों का कहना है कि गलत नपती और माप के आधार पर उनके मकानों पर निशान लगाए गए हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, क्षेत्रीय पार्षद और विधायक महेंद्र हार्डिया के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव के बंगले पहुंचे और खुलकर विरोध जताया। रहवासियों ने कहा कि निगम की कार्रवाई मनमानी और अन्यायपूर्ण है। महापौर ने नागरिकों की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि यदि नपती में किसी भी प्रकार की गलती हुई है तो उसे दोबारा सही कराया जाएगा। किसी के मकान या दुकान को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि नपती की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और जहां भी गलती मिली है, वहां सुधार किया जाए।

दरअसल, लक्ष्मी मेमोरियल से नेहरू नगर होते हुए अटल द्वार तक मास्टर प्लान के तहत सड़क चौड़ीकरण की योजना लंबे समय से लंबित है। पहले भी इलाके में नपती और निशान लगाए गए थे, लेकिन हाल ही में निगम की टीम फिर से नपती करने पहुंची तो कई मकानों और दुकानों पर लगाए गए नए निशान देखकर लोग भड़क उठे। उन्हें लगा कि निगम ने बिना सूचना और गलत माप के उनके मकानों को तोड़ने की तैयारी कर ली है। यही कारण था कि दो दिनों से क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर तनाव बना हुआ था  बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष एकजुट होकर पार्षद लालबहादुर वर्मा, पूर्व पार्षद चंदू शिंदे और विधायक महेंद्र हार्डिया के साथ महापौर बंगले पहुंचे। रहवासियों ने कहा कि वे गरीब तबके से हैं, कई लोगों ने बैंकों से लोन लेकर जैसे-तैसे अपने घर बनाए हैं। अभी किस्तें चल रही हैं, ऐसे में यदि मकान तोड़े गए तो वे सड़क पर आ जाएंगे। कुछ रहवासी भावुक हो गए तो कुछ ने गुस्से में अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया।

महापौर भार्गव ने सभी को शांत कराया और भरोसा दिलाया कि किसी का भी घर बिना जांच के नहीं तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य सड़क चौड़ीकरण के साथ विकास कार्यों को गति देना है, किसी का नुकसान करना नहीं। अगर कहीं गलती से गलत नपती हो गई है तो उसे तुरंत सुधारा जाएगा।

जनप्रतिनिधियों ने भी रहवासियों की मांगों का समर्थन किया और कहा कि प्रशासन को लोगों के हितों का ध्यान रखना चाहिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से की जाएगी और सभी नागरिकों को भरोसे में लेकर ही आगे बढ़ा जाएगा। नेहरू नगर में यह विवाद फिलहाल शांत हो गया है, लेकिन लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि बिना सही नपती के तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। निगम अब दोबारा माप कराने और रिपोर्ट तैयार करने की तैयारी में है ताकि सड़क निर्माण कार्य शुरू करने से पहले विवाद को पूरी तरह सुलझाया जा सके।




## बेटियों ने दिखाया दम खेल के मैदान में

2 नवंबर 2025 दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मैच में हराकर स्वर्णम अक्षरों मे इतिहास लिखा है हमारी बेटियों ने । जोश, जुनून, अनुशासन, कड़ी मेहनत के बलबूते आज हम विश्व विजेता बने हैं। लीग स्टेज मैच में तीन हार का मुंह देखना पड़ा था। मगर मन में विश्वास था कि हम कर सकते है । वही विश्वास ने हमें आज विश्व चैंपियन बनाया हैं।

# स्वच्छता में नंबर वन

## इंदौर की ग्रामीण हकीकत उजागरः शहर चमका, लेकिन गांवों में गंदगी बनी नासूर

**इंदौर। आठ बार स्वच्छता में देश में नंबर वन रहने वाला इंदौर शहर भले ही सफाई के लिए मिसाल बना हो, लेकिन इसके ग्रामीण इलाके आज भी गंदगी और अव्यवस्था के दलदल में फंसे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, कचरे के ढेर आम नजारा बन गए हैं और सीवेज का पानी खुले में बह रहा है। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने एक बार फिर "स्वच्छता हल्ला बोल" अभियान की शुरुआत की है।**



जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने बीते कुछ दिनों से सुबह तड़के ही ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण शुरू किया है। सोमवार सुबह उन्होंने धार की बांक, सिंहासा, कलारिया, घाटा-बिल्लोद जैसे इलाकों का दौरा किया। इससे पहले वे देवगुराड़िया गांव की गलियों का निरीक्षण कर चुके हैं, जहां कचरे के ढेर मिलने पर तत्काल सफाई कराई गई थी। आज धार रोड पर भी कचरे के ढेर देखे गए, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल सफाई दलों को भेजा और जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई।

सीईओ ने बताया कि ग्रामीणों की भागीदारी से ही गांवों को स्वच्छ बनाया जा सकता है। कई जगह ग्रामीणों ने स्वयं झाड़ू उठाकर गलियों की सफाई की और सफाई कर्मियों के साथ मिलकर अभियान को आगे बढ़ाया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण वाहन बंद पड़े हैं। ग्राम पंचायत खुड़ैल खुर्द में तो सचिव ने सफाई व्यवस्था में रुचि नहीं दिखाई, जिस पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं काजी पलासिया और मांगलिया क्षेत्र में कचरे की छंटाई मानक प्रक्रिया के अनुसार नहीं की जा रही थी। इस पर काम कर रहे एनजीओ को सख्त चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह में सुधार नहीं किया गया तो संस्था को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

ग्राम खुड़ैल खुर्द में फैक्ट्रियों द्वारा दूषित पानी नदी में छोड़े जाने की शिकायत पर सीईओ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

जिला पंचायत के अनुसार यह अभियान एक माह तक चलेगा। इसमें 32 पंचायतों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है। 21 जिलास्तरीय और 30 खंडस्तरीय अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग का जिम्मा सौंपा गया है। लक्ष्य है कि एक माह के भीतर इन पंचायतों में सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारकर ग्रामीण इंदौर को भी शहर की तरह स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। गौरतलब है कि पूर्व में भी अधिकारियों ने इंदौर जिले को ओडीएफ मुक्त घोषित करने के लिए सुबह 4 बजे से ही ग्रामीण इलाकों में दौरे शुरू किए थे। अब वही सख्ती और जनभागीदारी एक बार फिर इंदौर के गांवों में दिखाई देने लगी है।

# क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस द्वारा फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। आरोपीयो ने इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर की लाखों की ठगी रिटायर्ड अधिकारी व कर्मचारीयों को झूठे झाँसे देकर किया गुमराह । आरोपी कई इंश्योरेंस कम्पनीयों के नाम से आवेदको से राशि ले रहे थे।

## आरोपी का नामः

1.ममता तंवर निवासी इन्दौर,
2.परमदीप सिंह कुमार नि इंदौर
अपराध क्रमांक- 190/25 धारा 318(4), 316(5), 34 बीएऩएस

## घटना का विवरणः-



इंदौर पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर कमिश्नरेट में लोगो से छल कपट कर आर्थिक ठगी में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों को शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही हेतु लगाया गया है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच, इंदौर की इंवेस्टीगेशन टीम द्वारा ऐसे शातिर आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होनें स्वयं को विभिन्न बैंकों के इंशेयोरेंस एजेंट बताकर कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी की थी । जिसमें आवेदकों द्वारा क्राईम ब्रांच में उनके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत की गई थी जिस पर त्वरित कार्यवाही करते टीम द्वारा अनावेदकगण ममता तंवर निवासी इन्दौर एवं परमदीप सिंह कुमार ने मिलकर आवेदक विरेन्द्र सिहं आरोरा, महेश वर्मा, महेश चंद, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, चन्द्र सिंह ,कैप्टन शिवचरण पंडया, द्वारकादास को पॉलिसी देने के नाम पर रुपये लेने के बाद ममता तंवर एवं परमदीप सिंह द्वारा न तो पालिसी दी गयी न ही रुपये वापस लौटाये गये । इसप्रकार अनावेदको द्वारा पालिसी देने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी कारित की गय़ी थी।

## पुलिस कार्यवाहीः-

आरोपीयों को क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर टीम के माध्यम से चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। आरोपीयों से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि वह अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर यह ठगी कर रहा था। आरोपीयों के पास से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक, एवं फर्जी दस्तावेज़ के संबंध में पूछताछ जारी हैं। आरोपीयों से और भी ठगी की घटनाओं के खुलासे की संभावना है।

अग्रिम पुलिस कार्यवाहीः आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर उसके, बैंक खातों व दस्तावेजों की जाँच की जा रही है।

क्राइम ब्रांच , इंदौर पुलिस कमिश्नरेट
" आपकी सुरक्षा – हमारा संकल्प "

# गर्म कपड़े

## एकत्रीकरण अभियान

**प्रिय नागरिकों,**

सर्दियों का मौसम दस्तक दे चुका है और हमारे शहर की झोपड़पट्टियों में रहने वाले कई बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं। ऐसे में धर्मवीर सेवा संस्थान, इंदौर ने एक "गर्म कपड़े वितरण अभियान" शुरू किया है ताकि इन बच्चों तक गर्माहट और मुस्कान पहुंचाई जा सके।

**विनम्र अपील**

जिसके पास भी अच्छी स्थिति में पुराने या नए गर्म कपड़े (जैसे — स्वेटर, जैकेट, मफलर, टोपी, दस्ताने आदि) हों, कृपया उन्हें हमारी संस्था तक पहुंचाएं। आपके द्वारा दिया गया हर वस्त्र किसी जरूरतमंद बच्चे के लिए राहत का माध्यम बनेगा।



संपर्कः
कार्यकारिणी अध्यक्ष
सौरभ जी पांडे
9993735955

संयोजक
विशाल जी श्रीवास
88238 57153

# अवैध मदिरा परिवहन पर इंदौर आबकारी की बड़ी कार्रवाईः पांच वाहनो सहित लगभग 3.70 लाख रुपए की सामग्री बरामद!

## कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाईः अवैध शराब तस्करों पर कसा शिकंजा

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय, जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा के आदेश और सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के प्रभावी मार्गदर्शन में, इंदौर आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में,आबकारी की टीमों ने दिनांक 29- 30 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम दिया।

### प्रमुख कार्रवाइयाँ और ज़ब्ती का विवरण

इन प्रभावी कार्रवाइयों में, आबकारी विभाग की टीमों ने पांच दोपहिया वाहनों का उपयोग करके अवैध रूप से मदिरा का परिवहन कर रहे 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)क के तहत कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

### वृत्त आंतरिक 01 की कार्यवाही

आशीष जैन की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन MP09-UL-0948 Activa Scooter से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही विदेशी मदिरा व्हिस्की एंटीकेटी ब्लू बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी सागर पिता राजेश के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 80000/- रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक मुकेश रावत, वीरेंद्र पटेल, विपुल खरे एवं नर्मदा अलावा का सराहनीय योगदान रहा ।



वृत्त - पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम के द्वारा कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन TVS Jupitar स्कूटर MP09-DQ-7358 से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 100 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी संदीप रैकवार पिता नरेश रैकवार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 92500/- रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर, अजय चंद्रवाल का सराहनीय योगदान रहा ।

वृत्त मालवा मिल ब- सुनील मालवीय की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । एक कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन MP09-XF -2868 हीरो सुपर स्पलेंडर से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 1 पेटी विदेशी मदिरा व्हिस्की लंदन प्राइड बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी युगल पिता कँवरलाल के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। एक अन्य कार्यवाही में दिनांक 30.10.2025 को एक दोपहिया वाहन MP -09 SM -5476 होंडा एक्टिवा से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही एक पेटी विदेशी मदिरा रम बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी सर्जन पिता उमराव के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। दोनों प्रकरणों में जप्त मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 128000/- रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक विक्रम यादव , विजय सोलंकी अरविंद शर्मा , विपुल खरे का सराहनीय योगदान रहा ।

### वृत्त महू की कार्यवाही

सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत महू अ के श्री गणपत सिंह धुध के नेतृत्व में आज दिनांक 30.10.2025 को आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी की टीम के द्वारा एक दोपहिया वाहन बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी गोलू करोसिया पिता विनोद करोसिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 70000/- रुपए है।आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक रीना भिड़े का सराहनीय योगदान रहा

### समेकित परिणाम और सकारात्मक संदेश

इन सभी कार्रवाइयों में कुल तीन दोपहिया वाहन और बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा ज़ब्त की गई है। ज़ब्त मदिरा और वाहनों का कुल समेकित अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 370500(तीन लाख सत्तर हजार पांच सौ रुपए) है। सहायक आयुक्त आबकारी, श्री अभिषेक तिवारी ने कहा कि "आबकारी विभाग अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर सघन और प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। ये गिरफ्तारियां स्पष्ट संदेश देती हैं कि इंदौर जिले में किसी भी प्रकार के अवैध मदिरा परिवहन या विक्रय को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ शहर की शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जनता से अपील करते हैं कि वे ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत आबकारी विभाग को दें।"

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 4 नवम्बर 2025 से 10 नवम्बर 2025 तक






# ठंड ने दी दस्तक

## दिनभर बादलों में छिपा सूरज, तापमान में आई सात डिग्री की गिरावट

इंदौर। मध्यप्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है और सर्द हवाओं ने दस्तक दे दी है। बुधवार को इंदौर में दिनभर सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा, जिससे पूरा शहर सर्द हवाओं की चपेट में आ गया। हल्की बारिश और तूफान मोचा के असर से तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। दिन का पारा मंगलवार की तुलना में करीब साढ़े चार डिग्री नीचे आ गया, जबकि यह सामान्य से सात डिग्री कम रहा। दिनभर चली तेज ठंडी हवाओं ने सिहरन पैदा कर दी और शाम होते-होते लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को इंदौर का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मंगलवार के 29.7 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.6 डिग्री कम रहा। वहीं, मंगलवार रात का न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री रहा। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में ही मौसम का मिजाज बदलना यह संकेत दे रहा है कि इस बार ठंड जल्दी दस्तक दे सकती है। दिनभर शहर में ठंडी हवाओं का दौर चलता रहा। कई इलाकों में लोगों ने दिन में ही ठंडक महसूस की और शाम के समय तापमान और भी नीचे चला गया। शहर के बाजारों में शाम के समय चाय, कॉफी और गर्म पकवानों की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अगले कुछ दिनों में तापमान और गिर सकता है तथा उत्तर दिशा से आने वाली हवाओं के कारण ठंड का असर और तेज होगा। लोगों को अब सुबह-शाम हल्की ठंडक के साथ दिन के समय भी ठंडी हवाओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ठंड अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन नवंबर के पहले हफ्ते से सर्दी का असर और बढ़ेगा।



# रंजीत टाइम्स कार्यालय में प्रधान संपादक गोपाल गावंडे जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



रंजीत टाइम्स कार्यालय में प्रधान संपादक श्री गावंडे जी का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों, समाजसेवियों और व्यवसायी साथियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने यह संकल्प लिया कि–"हर जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएंगे, ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिले।"

### पौधा लगाओ –दुनिया बचाओ!

मुख्य रूप से इस अवसर पर सह-संपादक दीपक वाडेकर, आदित्य शर्मा, अनिल चौधरी, राहुल वीरकर, मुरली फावड़े, विजय मेटकर, एडवोकेट दीपक सोनी, अमित श्रीवास्तव, विकास भारद्वाज, समाजसेवी अशोक सैनी, हीरा खटवानी, राजेश खेतपाल, तथा रणजीत टाइम्स से संवाददाता राजेश धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# सत्य को जानने की जिज्ञासा का समाधान है सहजयोग

आध्यात्म का अमूल्य ज्ञान भारत की नींव में बसा है भारतीय संस्कृति के प्रत्येक गहन भाव में, यहां की परंपराओं के रीति नीतियों के आदिकालीन इतिहास के,यहां की जीवन शैली के किसी भी ओर छोर में, किसी भी तत्व में झांकने पर अध्यात्म के गहरे बीज दिखाई देते हैं। हजारों वर्ष पहले शुरू हुई सत्य को खोजने की गहन जिज्ञासा आज पल्लवित होकर अपनी समूल विशिष्टताओं के साथ बेहद सरल और सहज पद्धति के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत है। वे सभी लोग जो अपने जीवन का अर्थ खोज रहे हैं वह सब लोग जो बनावटी तथा आयोजक जिंदगी में बंधे नहीं रह सकते। वे सभी लोग जो स्तरीय संतोष से लुभाए नहीं जा सकते तथा जिन्हें नैतिकता और मानवता के मूलभूत गुणों पर सदा से विश्वास रहा है। उन्हें इस उत्क्रांति के विषय में अवश्य ज्ञान होना चाहिये ।

हिरणमयेनपात्रेण सत्यस्यापिहितम् मुखम अर्थात सत्य का मुख हिरण्य मय पात्र से ढका हुआ है ईशावास्योपनिषद* का यह श्लोक भारतीय अध्यात्म के गूढ़ अर्थ को अपने मेंसमेटे हुए हैं आखिर वह कौन सा सत्य है जिसका मुख स्वर्ण पात्र से ढका हुआ है आज सब इसकी अपनी अपनी व्याख्या करते हैं परंतु वास्तव में यह सत्य ईश्वर से संपर्क करने का परम सत्य है जिसे पाने के लिए सांसारिक धर्म के स्वर्ण मायाजाल को तोड़ना और उसके पार उतरना होता है यह हिरण्यमय पात्र सांसारिक भ्रम है जो भौतिक सुख की लालसा में और अधिक और अधिक की मांग करता हुआ समय बिता देता है मानव को भ्रमित करता है परंतु यदि यह भ्रम का पर्दा हट जाए तो सर्वमान्य सत्य प्रकट हो जाता है और वह सत्य है आत्मा में बसे हुए ईश्वर का ज्ञान। जिसे हजारों हजार वर्ष पहले खोजा गया। यह ज्ञान सहज योग के माध्यम से सरलता से साधक को प्राप्त होता है। अर्थात ध्यान के अनुभव सिद्ध प्रयोग के द्वारा साधक के भीतर घटित होता है जिससे कि उसके भीतर की भ्रम की सुवर्ण माया हटती है और आत्म तत्व में बसे हुए ईश्वर का उससे साक्षात्कार होता है इसे ही सहज योग में आत्मसाक्षात्कार कहते हैं सहज योग की प्रणिता श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा सहज की ध्यान पद्धति में साधक को अत्यंत सहजता से दिव्य चेतना से जोड़ दिया जाता है। परम चैतन्य से जुड़ने की यह एकाकारिता वहाँ आती है जहां पर कार्य, कारण और परिणाम तीनों का अनुभव होता है। इस योग की प्रक्रिया में ध्यान से जुड़ने की वास्तविक युक्ति सहज योग द्वारा अत्यंत सरलता से निशुल्क सिखाई जाती रही है। इस हेतु जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।



## भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इंदौर का पंचवर्षीय निर्वाचन निर्विरोध संपन्न



### कलेक्टर के मार्गदर्शन में हुई पारदर्शी प्रक्रिया, निर्वाचित पदाधिकारियों को दिए प्रमाणपत्र

इंदौर। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इंदौर का पंचवर्षीय निर्वाचन गुरुवार को कलेक्टर के मार्गदर्शन में निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी शौर्य मल्होत्रा द्वारा पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता से कराई गई तथा निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। जिला संघ अध्यक्ष भूपेंद्र अडसुरे, उपाध्यक्ष मनोहर मेहता, प्रमोद जाट, रमाकांत शर्मा, महिला उपाध्यक्ष भारती जमदड़, मीना राठौर और सुनीता बागोरा चुने गए। आजीवन सदस्य प्रतिनिधि अनुराग जाट रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सुरेश टकलकर, झोन अध्यक्ष गजानन गावडे, समाजसेवी महेश अग्रवाल, आशीष दाणेज, प्रदीप मौठ, कौशल शिवहरे, अंकित चोपड़ा, देवेश जाट, निर्मला दिसोरिया और निर्मला बागोरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सहायक राज संगठन आयुक्त प्रमोद गंगराड़े ने किया।

## आबकारी इन्दौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2025 को *वृत्त सांवेर - त्रिअंबिका शर्मा की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन tvs rider बाइक MP -09 DK 0527 से अवैध विदेशी मदिरा गाड़ी पर रख के विक्रय हेतु बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी कृष्णा पिता विष्णु चौधरी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 86000/- रुपए है।

आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कैलाशअखंडे , अंकिता लोधवाल , संजय सिंगार एवं वाहन चालक करण का सराहनीय योगदान रहा । इन्दौर की कार्यवाही कलेक्टर



महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2025 को *वृत्त सांवेर - त्रिअंबिका शर्मा की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन tvs rider बाइक MP -09 DK 0527 से अवैध विदेशी मदिरा गाड़ी पर रख के विक्रय हेतु बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी कृष्णा पिता विष्णु चौधरी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 86000/- रुपए है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कैलाशअखंडे , अंकिता लोधवाल , संजय सिंगार एवं वाहन चालक करण का सराहनीय योगदान रहा ।

## देवउठनी एकादशी के अवसर पर माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह आयोजन संपन्न हुआ

## श्री चारभुजा नाथ मंदिर को दीपमालाओं से सजाया गया

**दिलीप पाटीदार**

**दसई। देवउठनी एकादशी के अवसर पर रविवार को नगर में श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में तुलसी विवाह महिला मंडल के तत्वावधान में माता तुलसी एवं भगवान शालिग्राम के विवाह का आयोजन संपन्न हुआ।**

इस संबंध में जगदीश पटेल ने बताया कि आयोजन में शनिवार को गणेश पूजा की गई हल्दी लगाई गई गन्ने से मंडप बनाया गया एवं मेहंदी से माता तुलसी को सजाया गया जिसके



बाद रविवार को सुबह 10 बजे श्री चारभुजा नाथ मंदिर से बैंड बाजे के साथ भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का बाना नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया बाने में महिलाएं एवं पुरुष नृत्य करते हुए चले। भगवान शालिग्राम का बाना नगर के अति प्राचीन तोरण दरवाजा पर पहुंचने पर तोरण दरवाजा समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं भगवान शालिग्राम के बाने का पुष्प वर्षा से स्वागत किया इसके बाद भगवान शालिग्राम के द्वारा तोरण दरवाजे के द्वार पर तोरण मारा गया एवं विवाह आयोजन की रस्म पूरी की गई नगर के विभिन्न मार्गो से बाना वापस श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर पहुंचा जहां पर तुलसी विवाह महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा फूल मालाओं से भगवान शालिग्राम की बारात का स्वागत किया गया दोपहर 2: बजे माता तुलसी भगवान शालिग्राम को विवाह मंडप में बिठाया गया एवं पंडित गजेंद्र पोराणीक एवं पंकज शास्त्री के द्वारा विधि विधान से विवाह आयोजन संपन्न करवाया गया । इसके बाद उपस्थित श्रद्धालु महिला एवं पुरुषों के द्वारा घर में सुख सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। एवं माता तुलसी के विवाह आयोजन में खिंचावनी की।



# जमीन में निवेश

## बढ़ता फार्म हाउस का ट्रेंड

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग सिर्फ घर या फ्लैट नहीं, बल्कि सुकून और निवेश का संतुलन खोज रहे हैं। यही कारण है कि अब फार्म हाउस का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। पहले जहाँ लोग शहरों में फ्लैट, रो-हाउस या अपार्टमेंट को निवेश का बेहतर विकल्प मानते थे, वहीं अब ध्यान गांवों, प्राकृतिक इलाकों और हरियाली से घिरे फार्म हाउस प्रोजेक्ट्स की ओर बढ़ रहा है।

### क्यों बढ़ा फार्म हाउस में निवेश का आकर्षण

1. रिटर्न ज्यादा, मेंटेनेंस कमः शहर के फ्लैट और रो-हाउस में किराया तो सीमित होता है लेकिन खर्चे अधिक- मेंटेनेंस, सोसायटी चार्जेस और टैक्स। वहीं फार्म हाउस को आप वीकेंड रेंटल, इवेंट स्पेस या रिट्रीट के रूप में किराये पर देकर बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं।

### 2. डबल बेनिफिट उपयोग + इनकम

फार्म हाउस में निवेश करने वाला व्यक्ति इसे खुद के उपयोग के लिए भी रख सकता है-परिवार के साथ छुट्टियाँ बिताने, खेती या ऑर्गेनिक गार्डनिंग के लिए। और जब खुद उपयोग न हो, तो रेंट पर देकर महीने का स्थायी रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है।

3. प्रॉपर्टी वैल्यू में तेजी से वृद्धि

इंदौर-खंडवा रोड, महेश्वर, ओंकारेश्वर जैसे क्षेत्रों में फार्म हाउस प्रोजेक्ट्स की वैल्यू हर साल 20% तक बढ़ रही है। जमीन का रेट लगातार ऊपर जा रहा है क्योंकि शहर की सीमाएँ बढ़ती जा रही हैं।

4. प्रकृति के बीच आधुनिक जीवन

आज के युवा और प्रोफेशनल वर्ग "वर्क फ्रॉम फार्म" की ओर बढ़ रहे हैं-जहाँ हरियाली, स्वच्छ हवा और शांति मिलती है। यही कारण है कि फार्म हाउस अब लक्जरी नहीं, लाइफस्टाइल बन गया है।



फार्म हाउस बनाम शहर का फ्लैटः रिटर्न की तुलना

| निवेश विकल्प | औसत रिटर्न/माह | वैल्यू ग्रोथ (5 वर्ष) | मेंटेनेंस |
|---|---|---|---|
| शहर का फ्लैट | 10,000–15,000 | 15–20% | अधिक |
| रो हाउस | 15,000–20,000 | 20–25% | मध्यम |
| फार्म हाउस | 25,000–70,000 | 40–60% | न्यूनतम |

निष्कर्ष- जमीन में निवेश हमेशा से सबसे सुरक्षित और स्थायी माना गया है। लेकिन अब यह केवल एक डेड एसेट नहीं रहा। सही लोकेशन पर लिया गया फार्म हाउस आज इनकम जेनरेटिंग प्रॉपर्टी है-जो न सिर्फ मन को सुकून देता है बल्कि निवेशक के भविष्य को भी सुरक्षित बनाता है। इसलिए कहा जा सकता है-"शहर की दीवारों से बेहतर है प्रकृति की गोद में निवेश।"

# राजस्थान का तस्कर,10 लाख रुपए की स्मैक के साथ, गिरफ्तार



**दीपक परमार**

शिवपुरी-बैराड़ थाना पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने राजस्थान के बारा जिले के एक तस्कर को स्मैक की सप्लाई देने आते समय गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 51.30 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा और एक बाइक सहित कुल 10 लाख 50 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। एसपी के निर्देश पर चल रहा थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने फुलीपुरा चौराहा, झिरी-शिवपुरी रोड पर घेराबंदी की। जेब से मिली स्मैक और तोलकांटा घेराबंदी के दौरान एक व्यक्ति काली हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल (RJ28 SC4649) से आता दिखा, जिसे पुलिस ने रोककर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम हेमराज लोधा (46), निवासी ग्राम सेमला, थाना बापचा, जिला बारा, राजस्थान बताया। जितेंद्र प्रजापति को देना था माल तलाशी में उसकी जेब से 51.30 ग्राम स्मैक और एक इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा बरामद हुआ। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यह स्मैक बैराड़ निवासी जितेंद्र प्रजापति को 2800 रुपये प्रति ग्राम के भाव से बेचने जा रहा था। पहले भी कर चुका है सप्लाई हेमराज ने यह भी कबूल किया कि वह पहले भी कई बार जितेंद्र को स्मैक की सप्लाई कर चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त किए गए कुल माल की कीमत 10 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अब आरोपी से तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ जारी।

# जिला शिवपुरी पिछोर में बड़ी कार्रवाई



**दीपक परमार**

मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के परिवहनकर्ता गोविंद दास पाल पर खाद्यान्न खुर्द-बुर्द और अनियमितताओं के आरोप में एफआईआर दर्ज कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी की जनसुनवाई और एसडीएम ममता शाक्य के निर्देश पर हुई कार्रवाई। उचित मूल्य दुकानों को कम राशन देना, ओवरलोडिंग की मांग और समय पर आपूर्ति न करना बने कार्रवाई के प्रमुख कारण। धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मामला दर्ज।



# कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने धार मंडी का निरीक्षण कर भावांतर योजना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, पारदर्शिता और किसानों की सुविधा के दिए निर्देश



**दिलीप पाटीदार**

धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को धार कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण कर सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के तहत चल रही खरीदी व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंडी परिसर में खरीदी केंद्रों, तुलाई व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया तथा किसानों के लिए की गई सुविधाओं का निरीक्षण किया।कलेक्टर श्री मिश्रा ने मंडी में उपस्थित किसानों और व्यापारियों से चर्चा की तथा उनके सुझाव सुने। उन्होंने बताया कि मंडी में भावांतर योजना के तहत खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। किसानों की भावों से जुड़ी समस्याओं पर प्रशासन ने किसानों और व्यापारियों को एक साथ बैठाकर समाधान निकाला है। उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों के बीच संबंध बहुत पुराने हैं, और यदि कभी कोई छोटी-मोटी समस्या आती भी है, तो उसे आपसी सहमति से सुलझा लिया जाता है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा तय किए गए दरों को ही अंतिम माना जाएगा ताकि किसी भी स्तर पर भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने मंडी सचिव को सख्त निर्देश दिए कि मंडी की सभी व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, उन्होंने किसानों से भी सहयोग की अपील की ताकि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम रूप से पूरी की जा सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि भावांतर योजना मध्य प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसे गहन विचार-विमर्श के बाद लागू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें बाजार की अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के अंतर्गत जो किसान पंजीकृत हैं, उन्हें शासन द्वारा घोषित दरों के अनुसार पूरा लाभ प्राप्त होगा।उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जो लोग इस योजना के खिलाफ गलत अफवाहें या दुष्प्रचार फैलाने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे किसी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और निश्चिंत होकर मंडियों में आकर अपनी उपज बेचें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंडी में पेयजल, तुलाई, भुगतान और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राहुल गुप्ता मंडी सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## "इंदौर से आई चिंता की खबर- मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अस्वस्थ, बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती"

सुबह का वक्त, जब इंदौर के लोगों ने सामान्य दिन की शुरुआत की, तभी शहर के सबसे प्रभावशाली नेता और प्रदेश के काबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जैसे ही असहजता महसूस हुई, उन्हें तत्काल बॉम्बे हॉस्पिटल ले जाया गया। वहाँ डॉक्टरों की टीम ने तुरंत जांचें शुरू कीं — हर रिपोर्ट पर निगाहें ठहर गईं, क्योंकि बात सिर्फ एक मंत्री की नहीं, बल्कि उस चेहरे की है जिसने दशकों तक इंदौर की राजनीति को दिशा दी है।हालांकि डॉक्टरों ने फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई है, पर पूरे प्रदेश में चिंता की लहर है। समर्थक, शुभचिंतक और कार्यकर्ता सबकी निगाहें बस एक खबर पर टिकी हैं- "साहब ठीक हैं" यह सुनने के इंतजार में।इंदौर की गलियों से लेकर मंत्रालय तक, आज दुआओं में एक ही नाम है- कैलाश विजयवर्गीय।

# इंदौर में किन्नरों का विरोध प्रदर्शन, आरोपी को फांसी की सजा की मांग, इंदौर के रीगल चौराहे पर अनूठे तरीके से किन्नरों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर बैनर को लगाई आग जमकर किया प्रदर्शन



**आदित्य शर्मा**

इंदौर शहर में एक दुष्कर्म प्रकरण को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। किन्नरों ने गांधी हाल से रीगल चौराहे तक हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण मार्च निकाला। इस दौरान सभी किन्नर सफेद साड़ी पहने हुए थे और "दुष्कर्मियों को फांसी दो" के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारी किन्नरों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि राजा हाशमी, उसके भाई समीर और सपना हाजी सहित अन्य आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए जो महिलाओं या किसी भी व्यक्ति की अस्मिता से खिलवाड़ करें। बता दें कि हिरा नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राजा हाशमी और उसके भाई समीर के खिलाफ दुष्कर्म एवं धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में सपना हाजी का नाम भी सामने आया है, जिसके डेरे पर कथित रूप से कई अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही हैं , प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि सपना हाजी के डेरे पर अतिक्रमण की कार्रवाई की जाए और जांच तेज की जाए। प्रदर्शन के दौरान किन्नरों ने कहा कि अगर आरोपी पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना था कि दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात के आरोपी को फांसी की सजा दी जानी चाहिए, ताकि समाज में ऐसा अपराध दोबारा न हो। प्रदर्शन स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन किन्नर समुदाय ने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे और बड़ा आंदोलन करेंगे।



माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री धर्मेन्द्र गौतम जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं इस अवसर पर माँ अहिल्या देवी की प्रतिमा भेंट की गई, जो समाज सेवा और मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे हमारे बड़े भाई श्री नितिन सुरवे जी, दीपक वाडेकर, राहुल वीरकर, मुरली फावड़े एवं अन्य साथीगण। सभी ने धर्मेन्द्र गौतम जी के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का दीपावाली मिलन समारोह



एक तू ही जयगुरूदेव सदगुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब और महंत पवन दास महाराज,महामंडलेश्वर कविता गिरी के मुख्य अतिथि में मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ओर सभी पदाधिकारी मौजूद रहे हैं विशेष अतिथि थी एक तू ही गुरुद्वार जयगुरूदेव विश्व प्राकृतिक आध्यात्मिक ध्यान मंदिर की सचिव मां साध्वी श्री अनंता देवी और नीता जी, श्वेता शर्मा, रीमा दुबे, श्वेता पांडे,शिखा ओझा, और मोनिका शुक्ला सभी ने मिलकर मिलन समारोह मनाया। आयोजन sp ऑफिस इंडियन कॉफी हाउस में मनाया गया ।आयोजक थे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा।

### सुनारखेड़ी तक मौत का रास्ता

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के नाम पर गड्ढों का जाल, हर दिन खतरे में लोगों की जान

धार। जिले में धार से सुनारखेड़ी तक जाने वाली सड़क अब विकास की नहीं, मौत की पहचान बन चुकी है। करीब 15 किलोमीटर लंबा यह रास्ता इतना जर्जर हो चुका है कि यह समझ पाना मुश्किल है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। बारिश के बाद तो हालात और भयावह हो गए हैं। पानी से लबालब भरे गड्ढे अब छोटे तालाब का रूप ले चुके हैं और यही तालाब हर दिन किसी न किसी की जान लेने पर आमादा हैं। इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों दोपहिया वाहन, ट्रैक्टर और स्कूल बसें गुजरती हैं, लेकिन अब यह सफर लोगों के लिए जानलेवा बन गया है। कई बार वाहन फिसलकर पलट चुके हैं, कई लोगों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो साल से यह सड़क खस्ताहाल है, लेकिन विभाग और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देकर चुप बैठ जाते हैं। करीब 25 गांवों के लोग इसी मार्ग से शहर, मंडी और अस्पताल तक आते हैं। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि एंबुलेंस तक बीच रास्ते में फंस जाती है। मरीजों को खटारा सड़कों पर झटकों के बीच अस्पताल पहुंचाया जाता है। बच्चे रोज स्कूल देर से पहुंचते हैं, किसान मंडी नहीं पहुंच पाते। यह सड़क अब लोगों की रोजमर्रा की मुश्किलों का प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क विभाग, जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार जवाब मिला कि "जल्द सुधार कार्य शुरू होगा।" पर हकीकत यह है कि महीनों से सड़क की मरम्मत का नाम तक नहीं लिया गया। गड्ढों ने गाड़ियों के सस्पेंशन तोड़ दिए हैं, टायर फट रहे हैं, कारों के बंपर उखड़ चुके हैं। ट्रैक्टर चालकों का कहना है कि "अगर जरा सी चूक हो जाए तो ट्रॉली पलट जाती है।" छोटे वाहन चालक कहते हैं कि "यह सड़क नहीं, अब मशीनों की परीक्षा बन चुकी है।" जब इस मामले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी कुलकर्णी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि "बरसात और रेलवे कार्य की वजह से कुछ दिक्कत आई है, पर जल्द ही मरम्मत की जाएगी।" लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि मरम्मत का कोई काम शुरू नहीं हुआ और हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनती, तब तक वे जिम्मेदारों को चैन से बैठने नहीं देंगे।

# महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने तीन इमली चौराहे पर रोकी खुदाई, बोले-शहर को कब तक यूं खोदोगे?

इंदौर। शहर की नई सड़कों पर बार-बार की जा रही खुदाई को लेकर अब खुद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को बिना किसी पूर्व सूचना के महापौर अचानक तीन इमली चौराहे पहुंचे, जहां ताज़ा बनी सड़क पर फिर से खुदाई का काम चल रहा था।

अधिकारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं थी, क्योंकि यह औचक निरीक्षण था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात एक राहगीर ने महापौर को वीडियो भेजा था, जिसमें नई बनी सड़क को फिर से खोदते हुए दिखाया गया था। मौके पर पहुंचकर महापौर ने देखा कि सड़क का आधा काम ही पूरा हुआ था और फिर भी उस पर खुदाई की जा रही



थी। यह देखकर वे भड़क उठे। उन्होंने तुरंत अपर आयुक्त अभय राजन, जोनल अधिकारी अतीक खान, पार्षद राजेंद्र राठौड़, निर्माण एजेंसी और कंसल्टेंट एजेंसी एसएनएस के प्रतिनिधियों को बुलाया। महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि "आप लोग काम ऐसे करते हैं जिससे जनता को दिक्कत होती है। सड़क बनने से पहले ही फिर से खोद दी जाती है। आखिर शहर को कब तक यूं खोदते रहोगे?" जब अधिकारियों ने बताया कि वहां स्टॉर्म वॉटर लाइन डाली जा रही है, तो महापौर और नाराज हो गए। उन्होंने कहा, "क्या पहले पता नहीं था कि लाइन डालनी है? सड़क बनने के बाद खुदाई करना किस तरह की समझदारी है?" महापौर ने साफ कहा कि यह सीधी लापरवाही है, जिससे नगर निगम को आर्थिक नुकसान और नागरिकों को परेशानी दोनों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपर आयुक्त से कहा कि "हम कंसल्टेंट को भारी रकम देते हैं, फिर मॉनिटरिंग कौन कर रहा है?" महापौर ने मौके पर खुदाई का काम तुरंत रुकवाया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस तरह की लापरवाही दोहराई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 4 नवम्बर 2025 से 10 नवम्बर 2025 तक



# इंदौर के उद्योगपति राहुल गुप्ता ने दादा साहेब फाल्के

## इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में अभिनेता अपारशक्ति खुराना को सम्मानित किया

**मुंबई, भारत इंदौर के लिए यह गर्व का अवसर रहा जब शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राहुल गुप्ता ने अपने भाई सुमित गुप्ता के साथ प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में शिरकत की। श्री राहुल गुप्ता वर्ष 2022 से इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल के एडवाइजरी बोर्ड सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इस वर्ष आयोजित समारोह में उन्होंने लोकप्रिय अभिनेता अपारशक्ति खुराना को 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता' (Best Comic Actor of the Year) के सम्मान से नवाज़ा।**

यह भव्य आयोजन 30 अक्टूबर 2025 को मुंबई में हुआ, जिसका सीधा प्रसारण ज़ी टीवी और ज़ी5 पर किया गया। समारोह में फिल्म, व्यापार और रचनात्मक जगत की देश-विदेश से कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहीं। राहुल गुप्ता और सुमित गुप्ता पिछले चार वर्षों से लगातार बॉलीवुड कलाकारों को सम्मानित करते आ रहे हैं। राहुल गुप्ता का फिल्म उद्योग से गहरा संबंध रहा है-वे अभिनेता विशाल मल्होत्रा की फिल्म के



सह-निर्माता (Co-Producer) भी रह चुके हैं। मध्यप्रदेश की उद्यमशीलता भावना का प्रतिनिधित्व करते हुए राहुल गुप्ता ने इस वर्ष समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी प्रदान किया।

इस आयोजन में उनकी उपस्थिति ने इंदौर की नई पहचान को उजागर किया-एक ऐसा शहर जो अब सिर्फ स्वच्छता का प्रतीक नहीं, बल्कि भारत के नवाचार, नेतृत्व और रचनात्मकता का नया केंद्र बनता जा रहा है। राहुल गुप्ता के साथ उनके भाई सुमित गुप्ता, जो कि CoinDCX (भारत का सबसे बड़ा और सुरक्षित क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज) के फाउंडर और सीईओ हैं, भी उपस्थित रहे। दोनों भाई आज उस नई भारतीय पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो नवाचार, नेतृत्व और उद्यमिता को वैश्विक मंच पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रही है। दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 ने एक बार फिर कला, नवाचार और उद्यमिता को एक ही मंच पर जोड़ने का कार्य किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में राहुल गुप्ता की उपस्थिति ने न केवल इंदौर का गौरव बढ़ाया, बल्कि यह भी दर्शाया कि व्यवसाय और सिनेमा का संगम भारत की प्रगतिशील सोच का प्रतीक बन चुका है। यह सम्मान केवल सिनेमाई उत्कृष्टता का उत्सव नहीं, बल्कि इंदौर की प्रेरणादायक उद्यमशील भावना को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने का भी प्रतीक है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )